## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त हो रहे लोक सेवकों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त हो रहे लोक सेवकों के पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के लिये आज जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल, सहायक संचालक शिक्षा पी.एल.मेश्राम, कनिष्ठ लेखाधिकारी अशोक कुमार कुलस्ते एवं पेंशन शाखा प्रभारी रमेश कुमार घोड़के द्वारा सभी आहरण-संवितरण अधिकारी (बी.ई.ओ.) तथा संबंधित लिपिक एवं संकुल के स्थापना लिपिक की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में 31 दिसंबर 2024 के पूर्व एवं आगामी 6 माह में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण के निराकरण से संबंधित वन-टू-वन समीक्षा की गई, जिसमें 31 दिसंबर 2024 के पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण लंबित पाये गये, जिसमें विकासखंड परासिया के 02, छिंदवाड़ा के 07, चौरई के 02, अमरवाड़ा के 02 एवं मोहखेड़ के 02, इस प्रकार कुल 15 प्रकरण लंबित रहने का कारण संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी से जाना गया, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 12 प्रकरण जिला पेंशन कार्यालय में जमा किये गये एवं शेष 03 प्रकरण में दर्ज आपत्ति का निराकरण कर अतिशीघ्र जमा किया जायेगा।

### 3 मरीजों को दिलाई 1 लाख की सहायता

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है। इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी।

## पचमढ़ी-भूराभगत जाने वाले मार्ग पर बेतहाशा आवागमन बढ़ने से दुर्घटना की बनी रहती है आशंका

# कोई मंत्री, नेता आए तो शायद डिवाईडरों की रंगत बदल जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



महादेव मेला चालू है । पचमढ़ी और भूराभगत जाने वाले मार्ग पर आवागमन बेतहाशा बढ़ गया है । सड़क दुर्घटनाएं न हो इसके लिए पुलिस चिंतित हैं और क ई जतन भी कर रही है , वहीं छिंदवाड़ा - पिपरिया मुख्य मार्ग में डिवाईडरों की रंगत देखते ही बनती है । लोगों का मानना है , कि अभी इस मार्ग पर कोई नेता या मंत्री आए तो शायद डिवाईडरों की रंगत बदल जाए । छिंदवाड़ा - पिपरिया मुख्य मार्ग पर सड़क की देख रेख का जिम्मा केटी कंपनी का है , क्योंकि यह कंपनी इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों से टोल वसूलती है , जिसमें कंपनी अधिकारी और कर्मचारी कोई कोताही नहीं बरते , लेकिन जब सड़क की उपयुक्त सेवाएं देने की बात आती है , तो किसी को कोई सरोकार नहीं होता । यही वजह है , कि इस मुख्य मार्ग पर डिवाईडरों में लंबे समय से रंग रोगन नहीं होने से दशा खराब हो गई है । खास कर न्यूटन में सड़क के डिवाईडरों की हालत देखते ही बनती है । डिवाईडर पर सफेद काले पट्टे बने हैं । इन पर धूल - मिट्टी लगने से पूरे काले दिखने लगे हैं । रात के समय डिवाईडर साफ दिखाई नहीं देते । जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । ऊपर से इन डिवाईडरों पर कहीं - कहीं पोस्टर लगे हैं , जिससे भी वाहन चालकों को दिक्कतें सामने आती हैं । अक्सर देखा जाता है , कि जब कभी किसी विशेष मौके पर जब कोई नेता , मंत्री या बड़ा अधिकारी की आमद होती है और वे जिस मार्ग से गुजरते हैं , उस मार्ग की रंगत महानुभवों के आने के पूर्व ही बदल जाती है । इसी वजह से लोगों की मानसिकता ऐसी बन गई है । इसलिए सबको लग रहा है , कि , फिलहाल इस मार्ग से कोई महानुभव गुजरे तो शायद इन डिवाईडरों की रंगत बदल जाए ।

### इनका कहना है

केटी कंपनी को इस मामले में अवगत करा दिया गया है , शीघ्र ही डिवाईडरों में रंग - रोंगन कराया जाएगा और इस मार्ग पर जो भी आवश्यक कार्य किए जाने हो कराए जाएंगे ।

**इंजीनियर श्री सोनी**
**( एमपीआरडीसी ) छिंदवाड़ा**

## सुरक्षा को लेकर सजग नजर आ रही पुलिस

# पुलिस लगा रही गुहार, जरा संभलकर चलो यार...



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

मेला है , भीड़ भी है , ट्रेफिक भी बढ़ा हुआ है । ऐसे में सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद की है । बावजूद इसके हमारी सुरक्षा के लिए पुलिस लोगों से संभल कर चलने की गुहार लगा रही है , ताकि हम और हमारा परिवार सुरक्षित रहे । सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशानुसार परासिया पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जितेन्द्र सिंह जाट और उनकी टीम के द्वारा महादेव मेले के मद्देनजर वाहन चालकों से संभल कर चलने की गुहार लगाई जा रही है । पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर वाहन और चालकों की जांच कर रही । समझाईश दे रही है । दुर्घटना संभावित स्थलों पर सांकेतिक बोर्ड , चिन्ह आदि लगाए जा रहे हैं । चेक पोस्ट बनाई गई है , ताकि श्रद्धालु , भक्त आदि और उनका परिवार सुरक्षित रहे । ऐसे में हमारा भी कर्तव्य है , कि हम पुलिस के इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए यातायात नियमों का पालन करें , संभलकर और सीमित गति से चलें , शराब पीकर वाहन न चलाएं , कोई मोड़ , गली , जोड़ आने पर वाहन को धीमा कर हार्न बजाते हुए निकले । टर्निंग पर ओवर टेक न करें । अपने अहम को छोड़ इन छोटे - छोटे निर्देशों का पालन कर हम सबकी सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकते हैं । क्योंकि राह में ऐसे लोग भी गुजरतें हैं जिनके ऊपर उनके परिवार का सारा दारोमदार होता है । उम्मीद हैं हम सभी अपने - अपने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर होंगे । दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करेंगे ।

# चौरागढ़ पंच कमेटी ने निकाली त्रिशूल की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



श्री चौरागढ़ बाबा के महादेव मेला भूराभगत, पचमढ़ी देश प्रदेश में अलग स्थान रखता है। महादेव जी को त्रिशूल अर्पित करने की परम्परा वर्षों से चली आ रही हैं । उसी कड़ी में अपने त्रिशूल का अलग विशेष स्थान रखने वाली संस्था जो कि 55 वर्षों से अधिक समय से त्रिशूल श्री चौरागढ़ पंच कमेटी , श्री बड़ी माता , श्री राम मंदिर छोटी बाजार छिंदवाड़ा के द्वारा त्रिशूल भेंट किया जा रहा है। इस वर्ष भी 151 किलो स्टेशनेल स्टील का त्रिशूल बाबा महादेव को अर्पित किया जा रहा हैं। आज महादेव त्रिशूल यात्रा दोपहर को बजे गाजे बाजे डीजे की धुन में विशाल जुलूस के माध्यम से बस स्टैंड ले जाया गया। वह से समस्त भक्तगण बस के माध्यम से भूराभगत से चौरागढ़ महादेव की त्रिशूल यात्रा अपने कंधों में ले कर आरंभ करेंगे। समिति के भक्तगण मिल कर यह त्रिशूल को महादेव की दुर्गम पहाड़ियों को ले कर चढ़ाते हैं। इस वर्ष 2025 का यह त्रिशूल नेपाल के पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग में अर्पित किया जाएगा।

### शहर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए महापौर एवं आयुक्त सजग

**छिंदवाड़ाः** नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बनाने के लिए नागरिकों के सहयोग से निरंतर प्रयासरत है। महापौर विक्रम अहाके जी एवं निगमायुक्त सी.पी. राय जी के निर्देशन में शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने हेतु विभिन्न जागरूकता अभियानों के साथ नागरिक सहभागिता को भी प्राथमिकता दी जा रही है।

निगम की ओर से नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे अपने बहुमूल्य सुझाव और फीडबैक देकर स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने में योगदान दें। शहर की सफाई, सुविधा और रखरखाव को लेकर जनता की राय निगम की सेवाओं को और बेहतर बनाने में सहायक साबित हो रही है। निगमायुक्त सी.पी. राय जी ने बताया कि ₹शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छता मिशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। हर नागरिक की छोटी-सी राय एक बड़ा बदलाव ला सकती है।

आइए, मिलकर स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं और छिंदवाड़ा को और अधिक सुंदर बनाएं। स्वच्छता में दें अपना योगदान – अपनी प्रतिक्रिया साझा करें। नगर निगम नागरिकों से अनुरोध करता है कि वे अपने सुझाव और फीडबैक देकर स्वच्छता अभियान को सशक्त बनाएं। अपनी प्रतिक्रिया साझा करें और शहर की स्वच्छता में भागीदार बनें।

### दूर होगी संबल पोर्टल की तकनीकी समस्या

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से संबल पोर्टल की तकनीकी समस्या का जल्द ही निराकरण होगा। सांसद श्री साहू ने पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप घाटोड़े के निवेदन पर पंचायत एवं ग्रामीण विकासए श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल को पत्र लिखा था। उक्त पत्र के आधार पर श्रम आयुक्त कार्यालय इंदौर के द्वारा मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के सचिव एवं मध्यप्रदेश असंगठित शहरी व ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के सचिव को पत्र प्रेषित करते हुए पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या को शीघ्र अतिशीघ्र ठीक करने के लिए निर्देशित कर दिया है।

### मंगली बाजार में सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए लगाए साइन बोर्ड



**छिंदवाड़ा।** दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए थाना चान्दामेटा अंतर्गत मंगली बाजार क्षेत्र में मुख्य सड़क पर बने डिवाइडर से बार-बार वाहन टकराने के कारण लगातार दुर्घटनाएँ हो रही थीं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार दुर्घटनाओं के कारणों की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी परासिया, थाना प्रभारी चान्दामेटा, सड़क निर्माण एजेंसी **MPRDC**, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ समन्वय कर स्थिति का विश्लेषण किया गया। विस्तृत चर्चा एवं निरीक्षण के उपरांत निम्नलिखित सुधारात्मक कदम उठाए गए एक डिवाइडर को 25 फीट पीछे हटाया गया, जिससे सड़क पर वाहनों के आवागमन में सुविधा हो और दुर्घटनाओं की संभावना को न्यून किया जा सके। सड़क पर आवश्यक साइन बोर्ड एवं संकेतक लगाए गए, ताकि वाहन चालकों को मार्ग की स्पष्ट जानकारी मिल सके और वे सावधानीपूर्वक वाहन चला सकें। इन सुधारात्मक उपायों के लागू होने के पश्चात मंगली बाजार क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की संभावना में कमी आई है और कोई नवीन दुर्घटना नहीं हुई है , यह कार्यवाही प्रभावी एवं जनहितकारी रही है। उपरोक्त कार्रवाई से आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने महाकाल से जिलेवासियों की सुख समृद्धि का मांगा आशीर्वाद



**छिंदवाड़ा।** भाजपा के शुभंकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव भगवान महाकाल के दरबार में हाजरी लगाने उज्जैन पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने भगवान महाकाल की पूजा आराधना कर जिलेवासियों की सुख समृद्धि की कामना की और आशीर्वाद मांगा। भगवान महाकाल के दर्शन कर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।बाबा भोलेनाथ की कृपा से मन में असीम शांति और ऊर्जा मिली।महाकाल की नगरी का अद्भुत माहौल अद्वितीय है। उज्जैन का हर क्षण आध्यात्मिकता से भरपूर लगता है। शिव की भक्ति में लीन होकर आत्मा को सुकून मिलता है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा की जनता पर भगवान महाकाल का आशीर्वाद सदैव बना रहे और जिले में चहुंओर सुख समृद्धि व्याप्त रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ सागर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, श्रीमती विजय यादव एवं श्री नंदकिशोर वानखेड़े उपस्थित रहे।

# डीजे पर प्रशासन का प्रतिबंध, फिर भी बजते ही हैं डीजे



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

हर साल की तरह इस बार भी मीटिंग लेकर प्रशासन ने डीजे पर प्रतिबंध लगाया है। रात 10 बजे के बाद नहीं बजेंगे डीजे परंतु हर बार की तरह इस बार भी क्या सख्ती से लागू हो पाएगा यह नियम, यह चिंता का विषय है क्योंकि हर साल नियमों को तोड़ने वालों की संख्या कम नहीं है। नियम का पालन कराना पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। बहरहाल शासन ने निर्देश तो दिए है। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक की बोर्ड परीक्षओं को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना कोतवाली परिसर में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीजे संचालकों को एसडीएम, सीएसपी एवं थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा नियत डेसिबल साउन्ड पर डीजे बजाने एवं रात्रि 10 बजे के बाद डीजे को बंद किये जाने हेतु पाबंद किया गया। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों के आसपास ध्वनि प्रदूषण ना फैलाने, त्रिशुल यात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजन में अश्लील, भड़काऊ एवं कर्कश ध्वनि में डीजे ना बजाने हेतु समझाइश दी गई। इसके अलावा बताया गया कि शासन द्वारा जारी गाईडलाईन का पालन ना करने की दशा में कानूनी कार्यवाही का सामना करना होगा।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

## छिंदवाड़ा न्यायालय ने सुनाया फैसला, पांच हजार रूपए का लगाया अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के मामले में मात्र 14 दिवस में आरोपी के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश कर मात्र 61 दिवस में आरोपी को आजीवन कारावास शेष (प्राकृत जीवन काल तक) , 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 5000 रु. अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण :-** 2 दिसंबर 2024 को पीड़िता द्वारा अपने परिजन के थाना नवेगांव उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट लेख कराया कि स्कूल से घर लौटते समय आरोपी ने उसे बहाने से रोका और जबरन सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी और फरार हो गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, पीडिता की रिपोर्ट पर अभियुक्त के विरुद्ध अप.क्र. 203/24 धारा 137(2), 64(1), 64(2)(F) भारतीय न्याय संहिता एवं 3/4 , 5(n)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

**विवेचना दौरान कार्यवाही :-** प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने से वरिष्ट अधिकारियो से प्राप्त दिशा निर्देश के पालन में उप निरीक्षक पूनम उईके द्वारा अपराध पंजीबद्ध करने उपरान्त उप निरीक्षक राजेश साहू तत्कालीन थाना प्रभारी नवेगांव द्वारा प्रकरण की विवेचना में तत्काल घटना स्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण कर घटना स्थल पर पाये गये साक्ष्यो का विधिवत संकलन किया जाकर घटना कारित कर फरार हुये आरोपी दिनेश यदुवंशी को चंद घंटो में ही गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण में 14 दिवस में विवेचना पूर्ण कर चालान क्र. 193/24 दिनांक 18/12/24 को तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

### न्यायालय का निर्णय

प्रकरण में मान.अपर सत्र न्याया. जुन्नारदेव छिन्दवाड़ा द्वारा विशेष प्रकरण क्रमांक 30/2024 में विचारण के दौरान आये साक्ष्य, साक्षियो/डी.एन.ए. रिपोर्ट तथा अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्षो के तर्को को सुनने के उपरांत दिनांक 21/02/2025 को मात्र 61 दिवस में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में आरोपी दिनेश पिता नचन यदुवंशी उम्र 28 साल निवासी ग्राम चिखलार (नवेगांव) को धारा 5(**n**)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत आजीवन कारावास (शेष प्राकृतिक जीवनकाल तक), धारा 137(2) भारतीय दंड संहिता के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। पीड़िता को प्रतिकर राशि 02 लाख रुपये प्रदाय करने हेतु आदेशित किया गया । प्रकरण की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी नवेगांव उपनिरीक्षक राजेश साहू द्वारा की गई हैं। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती गंगावति डेहरिया द्वारा पैरवी की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्कालीन थाना प्रभारी नवेगांव एवं टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई।

# देहात थाना प्रभारी ने लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों को पुलिस कार्रवाई से कराया रूबरू

## विद्यार्थियों ने जाने साइबर अपराधों से बचाव के तरीके



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा के छठवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शनिवार को देहात थाना और पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण कराया गया। कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. दम्यंती कटरे एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की सह संयोजक डॉ. स्नेहा कुमारी के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने थाना और साइबर सेल का भ्रमण करते हुए कानूनी जानकारी प्राप्त की। देहात थाना प्रभारी गोविंद सिंह राजपूत ने प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए थाने से जुड़ी जानकारी दी तो वहीं पुलिस कंट्रोल रूम में फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ सत्येंद्र बघेल, अनिता मेश्राम, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष प्रभारी सीएस भलावी ने विद्यार्थियों को अपने अपने क्षेत्र की जानकारी दी। तो वहीं विद्यार्थियों ने साइबर सेल के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी जानें।

## रबी विपणन वर्ष 2025-26: समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी, अंतिम तिथि 10 मार्च

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए चना, मसूर और सरसों के समर्थन मूल्य पर पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे प्रदेश के किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। जिले में यह पंजीयन 10 मार्च 2025 तक किया जाएगा, जिससे किसान अपनी फसल को सरकारी दरों पर बेचने के लिए पंजीकृत कर सकते हैं। सरकारी पोर्टल और सीएससी सेंटर से होगा पंजीयन- कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, गेहूं की तरह ही चना, मसूर और सरसों का पंजीयन भी खाद्य विभाग के पोर्टल पर किया जाएगा। किसानों के लिए सहकारी समितियों और सहकारी विपणन संस्थाओं पर कार्य दिवसों में पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा, अधिकृत एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), लोक सेवा केंद्र, साइबर कैफे या किसान स्वयं भी अपने मोबाइल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं।

## 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक जिले भर में चलेगा विशेष जांच अभियान

# गैर संक्रामक रोगों की जांच कराए: सांसद बंटी साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजनों के स्वास्थ्य पर विषेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संचालित आयुष्मान योजना में करोड़ो लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। अब देखा जा रहा है कि लगभग हर घर में सुगरए बीपी एवं कैंसर के मरीज मिल रहे है। जिसे देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाष नड्डा जी द्वारा अनुकरणीय पहल की गई है। जिसके तहत अब स्वास्थ्य विभाग की तकनीकी टीम स्वास्थ्य केन्द्रों में एवं लोगों द्वारा घर.घर जाकर सुगरए बीपी एवं कैंसर की जांच की जायेगी। उक्त आषय की जानकारी देते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने लोगों से अपील की है कि वे स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर अपनी जांच कराये और जो टीम घर.घर आकर जांच करेगी उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराये।

सांसद श्री साहू ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विशेष एनसीडी जांच अभियान शुरू की हैए जिसके तहत 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की 100 प्रतिशत कवरेज करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। इस अभियान की मुख्य विशेषता यह है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम घर.घर जाकर लोगों से संपर्क करेगी। जिसके तहत प्रशिक्षित आशाए एएनएम और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा जांच सुनिश्चित करने के लिए सामुदायिक दौरे करेंगे तथा लोगों के घरों तक पहुंचेंगे। देश में गैर.संचारी रोगों ( एनसीडी ) के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विशेष सघन एनसीडी जांच अभियान शुरू किया है। 20 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक चलने वाली इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य मधुमेह व उच्च रक्तचाप के साथ.साथ ओरलए ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर जैसे गैर.संचारी रोगों के उपचार के लिए 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की शत प्रतिशत जांच करना है।

### अभियान की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं

राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बीपी मॉनिटरए ग्लूकोमीटर और आवश्यक दवाओं सहित आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जांचए उपचार और अनुवर्ती कार्रवाई का डेटा प्रतिदिन एनपी.एनसीडी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। अभियान के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य केंद्रोंए ब्लॉकए जिला और राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्रतिदिन शाम 6 बजे तक मंत्रालय को जानकारी उपलब्ध कराएंगे जिससे निरंतर निगरानी और तकनीकी सहायता मिल सकेगी।

### इस गहन जांच अभियान का उद्देश्य है

इस अभियान का उद्देश्य गैर.संचारी रोगों का शीघ्र पता लगाना और समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करना है। जिसके तहत 100 प्रतिशत जांच कवरेज की सुविधा रहेगी। संरचित उपचार और अनुवर्ती प्रोटोकॉल स्थापित करके इस अभियान का उद्देश्य एनसीडी से जुड़ी जटिलताओं को कम करना है। इस पहल से स्वास्थ्य देखभाल की लागत कम होने और देश भर में व्यक्तियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

## परासिया नगर को जलापूर्ति के लिए अमृत 2.0 योजना का विस्तार

# कलेक्टर ने लिया मंधान डेम और चरई डेम जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया में जलापूर्ति के लिये अमृत 2.0 योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंधान डेम का दौरा कर परासिया नगर को प्रतिदिन पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए। इसी क्रम में उन्होंने चरई डेम का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पानी की उपलब्धता और अन्य निकायों द्वारा उपयोग किए जा रहे जल की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने चरई डेम में स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर पानी की शुद्धता की जांच की।



**अमृत 2.0 योजना के तहत जलापूर्ति व्यवस्था का विस्तार-** परासिया नगर में जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अमृत 2.0 योजना के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत नदी के भीतर फ्लोटिंग इंटेक स्ट्रक्चर डाला जाएगा, जिससे जल संग्रहण अधिक सुचारू रूप से किया जा सकेगा। साथ ही मंधान बांध से परासिया के इंटेक वेल तक 13 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी जिससे पानी की आपूर्ति आसानी से संभव होगी। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 20 में एक ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा जिससे नगर में जल वितरण की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। इस योजना के तहत नगर परिषद न्यूटन चिखली के कुछ भागों में भी जल प्रदाय किया जाएगा जिससे वहां के नागरिकों को भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

### शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने नगर पालिका परासिया को निर्देश दिए कि इस योजना का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कर समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए ताकि परासिया नगरवासियों को जल संकट से राहत मिल सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, अनुविभागीय अधिकारी, ए.ई. पीएचई परासिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी परासिया और तहसीलदार परासिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रमों को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

:आदर्श ग्राम छाबडी भुतहा में 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा के लिए बैठक आयोजित हुई। जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जिला समन्वय अखिलेश जैन ब्लॉक समन्वय संजय बामणी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सेक्टर स्वयं सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति द्वारा आदर्श ग्राम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में बताया गया। ग्राम की महिलाओं का उत्साहवर्धन कैसे किया जाए । महिलाओं को सम्मिलित करने की रुपरेखा तैयार की गई ।जिसमें प्रसफूटन समिति के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष बाकी सदस्य एवं ग्राम की महिलाएं नवांकुर संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य सभी महिलाएं उपस्थित थी।

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ कॉलेज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का समापन

### विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुति, अन्य प्रतियोगिताएं भी की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय,दमुआ में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन का समापन हर्षोल्लास के साथ प्राचार्य जी के मार्गदर्शन में एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी श्री राजकुमार कुशवाह के निर्देशानुसार में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री दिलीप गोहे जी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नथ्थन शाह कवरेती, विशिष्ट अतिथि किरण खातरकर, नगर पालिका अध्यक्ष ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा मुख्य मार्ग से महाविद्यालय तक की सड़क का नवीनीकरण करने की घोषणा की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन मिलता है। हरिशंकर उइके विशिष्ट अतिथि, अतिथि गण राखी पाटिल, स्वाति यादव, जय माण्वार, राकेश सूर्यवंशी जभास सदस्य,सोनू पाटिल मंडल अध्यक्ष,सोनू पाटिल पूर्व जन भागीदारी समिति अध्यक्ष, शासकीय महाविद्यालय, दमुआ, उपस्थित रहे I वार्षिक स्नेह सम्मेलन प्रभारी प्राचार्य राजकुमार कुशवाह ने वार्षिक सम्मेलन की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासकीय महाविद्यालय दमुआ हर वर्ष इस आयोजन के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास करता है।समापन समारोह में नृत्य, नाटक, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही, विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बरबड़े दुर्गा दास राजपूत एवं समस्त पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ राजेश कुमार लोखंडे,डॉ विमल कुमार कौशले,डॉ उषा तिवारी,डॉ सरिता पाल,सुषमा टांडेकर,डॉ दिलीप ढोबाले,जितेन्द्र दिवाकर घनश्याम मालवीय,दिनेश इबनाती, वैभव पाटिल, कंचन चंद्रवंशी, महेश भारती, मोरेश्वर कराड़े, संदीप चंदेल, रामराज टांडेकर,ढोंढू टेकाम, सुकमन भारती उक्त कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ एवं भूतपूर्व छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।



## सुजाता ने जीता गोल्ड मेडल, न्यूटन का नाम किया रोशन

न्यूटन / परासिया - परासिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला नगर न्यूटन का नाम सुजाता गौतम ने रोनश किया है । एक ओर जहां युवाओं के लिए लिखी उनकी किताब का विमोचन हुआ , वहीं दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में टाप करने पर गोल्ड मेडल भी जीता । न्यूटन वार्ड 3 निवासी जी एम आफिस परासिया से सेवानिवृत्त जीवनराम गौतम और रिंजू गौतम की बेटी सुजाता गौतम ने समाज शास्त्र विषय में बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल में टाप कर गोल्ड मेडल हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है । उन्हे रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया । उन्होंने युवाओं की सफलता के लिए 28 पेज की ₹ द होप ₹ नामक किताब भी लिखी । जिसका विमोचन 13 फरवरी 2025 को जबलपुर में ही ₹ अंगना पधारो ₹ भजन गायक मनोज तिवारी द्वारा विमोचन किया गया । सुजाता ने इस किताब में युवाओं को सदैव आशावादी बने रहकर जीवन में सफल होने और शिक्षा आदि क्षेत्र में किन्हीं भी परिस्थिति में निराशा को दूर रखना संबंधी लेख लिखे हैं जिसे पढ़कर युवा नई आशा और उम्मीद के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकेगा । सुजाता ने इस सफलता का श्रेय अपने माता - पिता को दिया है । वे अभी आईपीएस की तैयारी में जुटी हुई हैं । परासिया विधानसभा के सभी लोगों ने सुजाता गौतम को बधाई और शुभकामना भी दी ।

## जगह-जगह भक्तों के लिए भंडारों का हुआ आयोजन

### महादेव जाने वाले भक्त ले रहे महाप्रसाद का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

शिव की नगरी जुन्नारदेव में महादेव मेला भक्तों के लिए जगह-जगह भंडारों का वितरण किया जा रहा है। नगर में प्रवेश के दौरान रेलवे स्टेशन पर उतरने के साथ ही मां शारदा मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जो बीते 26 वर्षों से अनवरत जारी है इसके अतिरिक्त नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में भी भक्तों के लिए चाय नाश्ते की बेहतर व्यवस्था सुबह एवं शाम के समय की जा रही है। इसके अतिरिक्त जुन्नारदेव विशाला पहली पारी में शिव के सेवक समिति द्वारा 24 घंटे अनिवार्य विशाल भंडारा वितरित किया जा रहा है वही प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हमारे हनुमान मंदिर में शिव भक्तों के लिए विशाल भंडारा 24 घंटे प्रारंभ किया गया है शनिवार से यह व्यवस्था लागू की गई है समस्त भंडारा समिति ने भक्तों से भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपनी यात्रा का पड़ाव तय करने की अपील की है।

## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में मनाया गया मातृभाषा दिवस

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अन्तर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में 21 फरवरी 2025 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रमुख सविता रिनायत, शिक्षक धन्नालाल बिसेन एवं अतिथि शिक्षक आरती बिसेन, अभिभावकगण एवं स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। शाला प्रमुख सविता रिनायत ने बच्चों को मातृभाषा के महत्व के बारे में जानकारी दी। शाला शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। मातृभाषा हमें आपस में जोडऩे तथा हमारी संस्कृति को संरक्षित करती हैं। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मातृभाषा में गीत प्रस्तुत किए गए तथा अपना-अपना परिचय भी मातृभाषा में दिया। इस वर्ष मातृभाषा दिवस पर प्रचार वाक्य था मातृभाषा से प्रतिभा एवं क्षमता विकास, कार्यक्रम अंतर्गत अभिभावकों के साथ मातृभाषा माध्यम में शिक्षा विषय पर चर्चा, बच्चों को अभिव्यक्ति बढ़ाने पर चर्चा, घर में बच्चों के साथ मातृभाषा में चर्चा, मातृभाषा में पुस्तकों को पढऩा, अन्य भारतीय भाषाओं की लिपियों की विशेषता, अभ्यास एवं प्रयोग आदि विषयों पर चर्चा हुई।

## पीएम श्री गर्ल्स हायरसेकेन्डरी स्कूल के विदाई समारोह में पहुंचे विधायक राजकुमार करांहे



हरिभूमि न्यूज किरनापुर । शासकीय पीएम श्री गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के विदाई समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि सम्माननीय विधायक राजकुमार करांहे , जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, उपाध्यक्ष भुवनभाऊ रंहांगडाले निर्माण समिति के सभापति योगराज भास्कर भाजपा महामंत्री शिव तरण जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रामकुमार राणा,मनीष भीमटेजनपद सदस्य ,डीडी मेश्राम समाजसेवी,ए के वैस पूर्व प्राचार्य,भूपेंद्र अजीत, खूमेश अजीत, सर्वप्रथम मां सरस्वती व भारत माता के छायाचित्र पर फूल माला अर्पित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया, स्कूल की बच्चियों ने मां सरस्वती की वंदना कर अतिथियों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया।शासकीय पी एम श्री गर्ल्स हायरसेकेन्डरी स्कूल में शनिवार को विदाई समारोह मनाया गया। समारोह में कक्षा 11वीं की छात्राओं की ओर से कक्षा 12वीं की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सम्माननीय राजकुमार करांहे, अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह सहित स्वागत-सम्मान किया। समारोह के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अध्यक्ष कल्याण सिंह राणा ने प्रेरित करते हुए कहा कि आप अपनी पढ़ाई जारी रखिए और जीवन में आगे बढ़कर उच्च स्तर के विशेषज्ञों के ऊपर पढ़ाई पर बैठ जाइए।

विधायक ने बच्चों को किया मोटिवेट

ध्यान रहे कि हम सी ग्रेड पर हैं, इसलिए आगे भी बढ़िया से पढ़ाई करनी है। तथा छात्राओं को प्रस्ताविक प्रसंग पढ़ने और प्रेरणा लेने के लिए प्रस्ताव दिया। विधायक राजकुमार करांहे ने छात्रों के जीवन में उच्च शिक्षा के महत्व को लेकर वास्तुशिल्प और ऐतिहासिक इमारतों से अपने बच्चों को कम से कम स्नातक तक शिक्षा दिलवाने की अपील की। शासकीय उच्चतर विद्यालय के शिक्षक गणों ने स्कूल के लिए साइकिल स्टैंड ,बाउंड्रीवॉल, चार कमरे का रूम व सांस्कृतिक सभा कक्ष का निर्माण करने विधायक को मांग पत्र सौंपा, जिस पर विधायक ने उनकी सभी मांगों पर आश्वासन देकर कार्य को अति शीघ्र पूर्ण करने मंच के माध्यम से कहा है । जिसमें स्कूल की प्रभारी प्राचार्य आई एस ठाकरे, जितेंद्र कुमार परिमल शिक्षक, नोकेश निखाड़े ,सुनील कुमार उके ,रविंद्र कुमार मेश्राम, जिनेंद्र डोंगरे ,योगेश रामटेके ,पुष्पलता मदनकर, प्रीति राहंगडाले,सतीश डल्लेमाल, प्राची अवधिया , वर्षा धरते, अनीता मेश्राम, बसंत कुमार डोंगरे ,सरिता गौतम ,अमिता ठाकरे, अनिल कुमार कटरे, विजय कुमार बोपचे, रामेश्वर बाहे,संगीता गौतम ,पिरम लाल भीमटे, प्रतिमा गगेडाम,खेमलाल दमाहे सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं व स्कूल के शिक्षक कर्मचारी का की विशेष उपस्थिति सराहनी रही।

## नियम कायदों को ताक पर रखकर जमीन छ्लनी करने में लगे माफिया

# लांजी क्षेत्र में खुलेआम चल रहा खनिज का अवैध उत्खनन व परिवहन, शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज लांजी।

क्षेत्र में खुलेआम मुरुम, मिट्टी सहित अन्य खनिज संपदाओं का अवैध तरीके से उत्खनन और परिवहन का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। दिनदहाड़े जेसीबी मशीन, हाइवा लगाकर अवैध तरीके से खनन और परिवहन किया जा रहा है। परंतु इस लुटती खनिज संपदा को बचाने वाला कोई नहीं है। इस मामले में खनिज विभाग और प्रशासन के अधिकारियों को सूचना देने पर भी कोई जांच या कार्रवाई करने नहीं पहुंच पा रहा है, कार्रवाई न होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। लांजी क्षेत्र में इन दिनों सड़क निर्माण कार्य विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किए जा रहे है। वहीं इन सड़क निर्माण कार्य के ठेकेदार द्वारा प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए अवैध उत्खनन का काम भी जोरों से किया जा रहा है रोड ठेकेदारों के द्वारा लांजी क्षेत्र से लगे ग्राम पौसेरा, सुलसुली, लोढामा, कँसूली, पूर्वाटोला, टेमनी, कोचेवाही, पाथरगांव सहित अन्य ग्रामों में मनमाना खनन चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र में 24 घंटे मुरुम का उत्खनन चल रहा है। लेकिन खनिज विभाग व राजस्व और प्रशासन के अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं। क्षेत्र में रेत, मुरुम, गिट्टी, मिट्टी सहित अन्य खनिज संपदा के मनमाने दोहन को रोकने, मानकों के अनुसार ही खदान स्वीकृत करने और माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए खनिज विभाग मुस्तैद है। लेकिन अभी तक खनिज विभाग सहित प्रशासन के अधिकारियों व्दारा शिकायत के बाद भी किसी भी तरह की कार्रवाई न करना समझ से परे है। जिससे ऐसा लगता है कि विभाग ओर प्रशासन को अवैध खनन, परिवहन से कोई सरोकार नहीं हैं. सिर्फ कागजी खानापूर्ति की जा रही है।

### क्या है क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की खामोशी का राज....?

एक समय वह भी था, जब क्षेत्र में जहां-कहीं मुरूम, मिट्टी सहित तमाम तरह के अवैध उत्खनन को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सजग रहकर ऐसे कार्यों पर नजर रखते थे, किंतु आज वही जनप्रतिनिधि खामोश हैं। ज्ञात हो कि लाँजी क्षेत्र में जेसीबी-पोकलेन मशीन लगाकर अवैध उत्खनन करने वालों को अधिकारियों के द्वारा अंदर घुसकर खदेड़ दिया जाता था और उन पर राजस्व से लेकर खनिज विभाग तक की बड़ी कार्यवाही की जाती थी। परन्तु वही अधिकारी और नेता आज भी है, सिर्फ सत्ता बदली है, और पद वही है । लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के तौर-तरीके भी बदल गए, जिससे लोगों को हैरानी हो रही है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तो ऐसे नहीं थे?

### सडक़ के नाम पर लीज कराकर बाहर बेच रहे मुरूम, नियम हो गए हवा

खनिज विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी को ग्राम सुलसुली से बोदादलखा रोड निर्माण कार्य में मुरूम हेतु दी गई अनुमति के अनुसार कंपनी को अग्रिम रायल्टी जमा करना अनिवार्य होगा। अग्रिम रायल्टी का 30 प्रतिशत डीएमएफ राशि जमा करना अनिवार्य होगा। निकासी का विधिवत हिसाब रखना होगा एवं जांच के दौरान मांग किए जाने पर अभिलेख प्रस्तुत करना होगा। प्रत्येक खनिज का परिवहन करने वाले वाहन के साथ अभिप्रमाणित पास जारी किया हुआ होना चाहिए। अनुमति पत्र की अवधि समाप्ति उपरांत स्थल पर पाए जाने वाला खनिज शासन की संपत्ति होगी। किंतु नियम शर्तों में उल्लेखित बातों का कहीं कोई पालन नहीं किया जा रहा है। सच तो यह है कि कंपनी को जितने एरिया में मुरूम निकालने की अनुमति दी गई है, उससे अधिक एरिया में मुरूम का उत्खनन किया जा रहा है।

## 2 नाबालिग बालिकाओं को महाराष्ट्र के नगरों से दस्तयाब कर सौंपा परिजनों को

### आपरेशन मुस्कान अभियान में खैरलांजी पुलिस को मिली सफलता



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** पुलिस थाना खैरलांजी अंतर्गत विगत वर्षो में हुई नाबालिग बालिकाओं के अपहरण के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस थाने से मिली जानकारी अनुसार पिछले एक वर्ष में जिन नाबालिग बालिकाओं का अपहरण हो गया था, उन्हें एक सप्ताह के भीतर दो अलग-अलग स्थानों से बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि गुम हुई बच्चियों को तलाशने के लिए मुस्कान अभियान शुरु किया गया है। जहॉ गुम हुए बच्चों को तलाश कर उनके स्वजन से मिलवाने की बड़ी मुहिम पुलिस ने शुरु कर दी है। इसी के तहत पुलिस कप्तान के निर्देशन और पुलिस थाना प्रभारी रामसिंह पटेल के मार्गदर्शन में थाने से टीम गठित कर अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत दो दस्तयाबी पुलिस टीम द्वारा कर ली गई है। जिसमें अपराध क्रमांक 177/24 धारा 363 ताहि की अपहर्ता को दिनांक 16/02/2025 को बोरखेड़ी थाना हिंजेवाड़ी जिला पुणे महाराष्ट्र से दस्तयाब कर दिनांक 19/02/2025 को खैरलांजी थाने में संपूर्ण कार्यवाही के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। जिसमें टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक किशोर मने, आरक्षक सुधीर बघेल, महिला आरक्षक मनीषा डोंगरे व आरक्षक विष्णु जाट की भूमिका रही।

वहीं दूसरी दस्तयाबी अपराध क्रमांक 153/24 धारा 363 ताहि की अपहर्ता को 22/02/2025 को तपोवन गेट थाना गाडग़े नगर अमरावती महाराष्ट्र से बरामद किया गया। जिसके टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक किशोर मने, प्रधान आरक्षक विरेन्द्र सिंह नागभिरे, आरक्षक ललित देशमुख, आरक्षक विष्णु जाट व महिला आरक्षक शानु वर्मा की अहम भूमिका रही।

## करीब 15 लोगों ने घर में घुसकर एक परिवार के साथ की मारपीट



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** पुरानी रंजिश के चलते करीब 15 लोगों ने कथित तौर घर में घुसकर एक परिवार के साथ मारपीट की है. मारपीट की इस घटना में परिवार के एक युवक को इस कदर बेरहमी से पीटा गया है उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर करना पड़ा. हालांकि बाद में परिजन घायल को नागपुर उपचार के लिए लेकर गए है. मारपीट की यह घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जाम की है. पीड़ति परिवार के सदस्य 29 वर्षीय दीपक बिसेन ने शनिवार की शाम 05 बजे घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि करीब साढ़े 12 बजे घुनाड़ी निवासी तरूण पटले, अरूण पटले और टेकाड़ी निवासी राहुल चौधरी उनके घर पहुंचे और करीब 05 मिनट तक दरवाजा खटखटाया. जैसे ही छोटे भाई लक्की बिसेन ने दरवाजा खोला उसके साथ लगभग 15 लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी. इस दौरान बीच बचाव करने पहुंची उनकी मां धर्मन बाई बिसेन के साथ भी मारपीट की गई. दीपक बिसेन ने बताया कि सभी लोगों ने डंडों से मारपीट की. जिससे छोटा भाई लक्की बुरी तरह से घायल हो गया. जिसे बालाघाट अस्पताल में भर्ती करवाया गया था. वहीं शनिवार की शाम करीब 06 बजे पीड़ति को परिजन उपचार के लिए नागपुर लेकर गए है. पुलिस ने अब तक इस मामले में दो लोगों को पकड़ा है. जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

## जनपद शिक्षा केंद्र लांजी में केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक हुई



### परीक्षा के सफल संचालन के संबंध में दिए गए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज लांजी।

कार्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी में दिनांक 22 फरवरी को विकासखण्ड की समस्त परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के प्राप्त निर्देशानुसार कक्षा 5वी एवं 8वी की वार्षिक परीक्षा 2024-25 हेतु विकासखण्ड की समस्त परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा के सफल संचालन के संबंध में शिवेन्द्र उके विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र लांजी के द्वारा दिशा निर्देश दिये गये। विकासखण्ड में कक्षा 5वी एवं 8वी हेतु कुल 26 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय के कक्षा 5वी में 3227 विद्यार्थियों एवं कक्षा 8वी में 3519 विद्यार्थियों का पंजीयन किया गया है। परीक्षा दिनांक 24 फरवरी 2025 से दिनांक 05 मार्च 2025 तक संपन्न होगी। परीक्षा का समय दोपहर 2 से 4.30 बजे तक निर्धारित है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा 2024-25 की तैयारी में विभिन्न दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा।

# फॉर्मर रजिस्ट्री के उपरांत ही किसानों को प्राप्त होगी किसान सम्मान निधि की राशि

अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत पात्र किसानों को 06 हजार प्रदान किये जाते हैं। शासन के निर्देशानुसार मार्च 2025 के उपरांत फार्मर आईडी वाले पात्र किसानों को ही योजना के लाभ की पात्रता रहेगी। अत: जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसानों से अपनी फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कराने की अपील की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

उल्लेखनीय है कि जिले के 02 लाख 88 हजार 729 पात्र किसानों में से 01 लाख 75 हजार 151 किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। आज दिनांक को 01 लाख 13 हजार 578 किसान अब भी शेष हैं।

**फार्मर रजिस्ट्री का उद्देश्य :-** प्रदेश में समस्त भूधारियों के आधार लिंक्ड रजिस्ट्री तैयार करना है जिसमें भूधारियों को एक अनन्य फार्मर आईडी प्रदान किया जाएगा।

i भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना हेतु फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है, दिसंबर 2024 के उपरांत केवल फार्मर आईडी उपलब्ध होने पर ही योजना का लाभ हितग्राहियों को प्राप्त हो सकेगा।

ii. योजनाओं का नियोजन लाभार्थियों का सत्यापन, कृषि उत्पादों का सुविधाजनक विपणन। iii. प्रदेश के समस्त कृषकों को राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगम एवं पारदर्शी तरीके से प्रदान करने हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं पहचान। iv. किसानों के लिए कृषि ऋण एवं अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए कृषि सेवाओं की सुगमता। v. विभिन्न विभागों द्वारा डाटा का बेहतर उपयोग।

### फार्मर रजिस्ट्री के लाभ :-

i. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना हेतु फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता की शर्त पूर्णता के साथ हितग्राहियों को लाभ प्राप्त करने में सुगमता।
ii. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सैचुरेशन।
iii. फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने में सुगमता।
iv. न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों के पंजीयन में सुगमता।
v. विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु बार-बार सत्यापन की आवश्यकता नहीं

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त वितरण 24 को




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को वर्ष में 6 हजार रुपए की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त वितरण 24 फरवरी को की जाएगी। प्रधानमंत्री द्वारा 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से किस्त का वितरण किया जा रहा है। यह दिवस किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कलेक्टर सुश्री संसकृति जैन ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय कार्यक्रम का जिले में भी प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में जीन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### सड़क हादसे मे दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर के केवलारी गांव के पास रात को एक सड़क हादसा हुआ। बाइक और साइकिल की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायलों में 55 वर्षीय प्रीतम यादव और 40 वर्षीय दिमाद सिंह सैयाम शामिल हैं। प्रीतम यादव केवलारी निवासी साइकिल से घंसौर जा रहे थे। वहीं जोगीवाडा निवासी दिमाद सिंह बाइक से पहाड़ी की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया गया।घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि लगातार लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है, लेकिन लापरवाही के कारण हादसे हो रहे हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने दो नाबालिक बालिकाओं को ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा नाबालिक बालक बालिकाओं के दस्तायाबी हेतु प्रयासरत है। जो पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में कोतवाली टीम के द्वारा गुजरात राज्य से एवं सिवनी से दो नाबालिक बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है। दिनांक 13/10/2024 को प्रार्थिया की ने अपनी 17 वर्ष की बालिका की गुण होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिस पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। जो दिनांक 19/02/2025 को गुजरात राज्य के उमरगांव से दस्तायाच कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। दिनांक 29/11/2024 को प्रार्थी ने अपनी 15 वर्षीय बालिका गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराये थे जिस पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था जो बालिका को दिनांक 21/02/2025 को पुलिस टीम द्वारा दस्तायाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राहुल काकोडिया, सउनि संजय यादव, सउनि रामअवतार डेहरिया,आरक्षक नितेश राजपूत, अमित रघुवंश उइके, म.आर फरहीन, दीपाली बघेल शामिल रहे।

# अधिवक्ता अधिनियम संशोधन के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ ने सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के समस्त अधिवक्ता द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय,माननीय विधि एवं विधायी मंत्री भारत सरकार के नाम जिला एवं प्रधान न्यायाधीश महोदय एवं जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया । विदित है कि अधिवक्ता अधिनियम में होने वाले प्रस्तावित संशोधन का देशभर के अधिवक्ताओं द्वारा व्यापक विरोध किया जा रहा है, इसी क्रम में आज जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के अध्यक्ष रविकुमार गोल्हानी के आव्हान पर समस्त अधिवक्ताओं ने न्यायालयीन कार्य में काली पट्टी बांध कर अपना विरोध जताया । संघ के अध्यक्ष रविकुमार गोल्हानी एवं संघ के उपाध्यक्ष शिशुपाल यादव द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया जिसमें अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविकुमार गोल्हानी व्दारा कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा भारतीय विधिज्ञ परिषद को अपने अनुसार नियम बनाने हेतु बाध्य करने संबंधी विधेज्ञक लाकर भारतीय विधिज्ञ परिषद को अपनी कठपुतली बनाना चाह रही है । अधिवक्ता के हितों व अधिकारों को हनन करने की हर सँभव कोशिश केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है , यदि हम अधिवक्ताओं की मांग को केंद्र सरकार द्वारा नहीं माना गया ओर प्रस्तावित संशोधन में बदलाव नही किया गया तो देशभर के अधिवक्ता सडक़ों में उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे । जिसका परिणाम केंद्र सरकार को भुगतना होगा । इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के समस्त वरिष्ठ,कनिष्ठ अधिवक्ताओ एवं महिला अधिवक्ताओ की उपस्थिति रही ।



### नगर परिषद छपारा में रोड का हुआ भूमि पूजन छपारा

**हरिभूमि न्यूज छपारा ।** छपारा में निकाय निधी से वार्ड क्रमांक 10 महाराणा प्रताप में जामा मस्जिद जाने वाले मार्ग में 28 लाख से निर्मित नाली का निर्माण किया जायेगा, जिसका भूमि पूजन पार्षदों की मौजूदगी एवं गणमान्य नागरिकों ने किया , इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद प्रीति सिंग, वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद सोनल श्रीवात्री, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद हेमलता सोनी,वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद रामेश्वर बंजारा, वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद अहिल्या उईके , नगर परिषद छपारा के सब इंजीनियर, कर्मचारी , ठेकेदार इस भूमि पूजन के कार्यकम में उपस्थित रहे

### ढाबे में मारपीट और तोडफ़ोड़

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेशनल हाइवे के एक ढाबे में पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लूघरवाड़ा निवासी सचिन बघेल का हाइवे किनारे ढाबा है। ढाबे में सादकसिवनी के रहने वाले सुरेन्द्र यादव, दुर्गेश विश्वकर्मा और चेतन सेन आए और बोले कि हमको किसी से पैसे लेना है। उसने बोला है ढाबा से पैसा ले लो। सचिन ने उनसे बोला कि जिस व्यक्ति ने बोला है उससे मेरी बात कराओ। इसी बात को लेकर तीनों ने सचिन के साथ विवाद करना शुरु कर दिया। सुरेन्द्र ने पत्थर उठाकर और दुर्गेश और चेतन सेन ने हाथ मुक्का थप्पड़ से मारपीट किए। सचिन ने अपने भाई प्रवीण बघेल को फोन करके बुलाया तो सुरेंद्र ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर ढाबे में मारपीट और तोड़ाफोड़ी शुरु कर दी। साथ ही आरोपियों ने सचिन से कहा कि तू यहां ढाबा चला कर देख तुझे जान से खत्म कर देंगे।

# झाबुआ पावर प्लांट विकास के नाम पर बांट रहा प्रदूषण, राख से गंदे हुए नदी नाले

**सिवनी जिले के बरेला गांव में स्थापित झाबुआ पावर लिमिटेड प्लांट स्थानीय ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। प्लांट से निकलने वाली राख से नदी, नाले प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों और किसानों को परेशानी हो रही है। कलेक्टर के आदेश के बावजूद प्लांट मैनेजमेंट ने कोई कार्रवाई नहीं की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




दरअसल, जिले के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बरेला गांव में स्थित झाबुआ पावर लिमिटेड ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। प्लांट की स्थापना के समय प्रबंधन ने आसपास के क्षेत्रों के विकास का वादा किया था। लेकिन, वर्तमान में यह प्लांट ग्रामीणों के लिए अभिशाप बन गया है।

प्लांट के निकट स्थित बरेला और बेनेकी गांव के नदी और नाले प्लांट से निकलने वाली राख से बुरी तरह प्रदूषित हो गए हैं। इस प्रदूषण के कारण जल स्रोत दूषित हो गए हैं और ग्रामीण पानी का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। किसानों की खेती भी प्रभावित हो रही है।

बरेला गांव के एक ग्रामीण ने बताया कि झाबुआ पावर लिमिटेड से निकलने वाली राख नाले के पानी में मिक्स हो गई है, जिससे जल स्रोत बंद हो गए हैं। हर तरफ राख भर गई है, जिससे पानी जहरीला हो गया है। किसान खेती नहीं कर रहे और ग्रामीण जल का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

एक तरफ भारत सरकार और प्रदेश सरकार जल संरक्षण को लेकर अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। साथ ही एक अलग विभाग बनाकर नदी नाले और तालाब की मॉनिटरिंग की जा रही है. बावजूद इसके झाबुआ पावर लिमिटेड से लगे तालाब, नदी और नाले दूषित होते जा रहे हैं। अब देखना होगा प्लांट प्रबंधन किस तरह संज्ञान लेता है और जिला प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार,चार घायल

सिवनी जिले के जबलपुर से नागपुर रोड़ पर ग्राम मरझोर के पास एक कार वाहन क्रमांक टीजी 17 ए 1600 अनियंत्रित हो कर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार चार लोगो में दो लोगो सामान्य चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन सवार तेलंगाना राज्य के कामारेड्डी जिले के निवासी है। यह जबलपुर से हैदराबाद ज रहे थे। एक लॉरी द्वारा कट मारने के कारण कार अनियंत्रित हो कर सडक़ से उतर गई, वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वही कार सवार दो लोगो को सामान्य चोट आई जिन्हे 108 की सहायता से जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुँचाया गया।

# शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी के निर्वाचन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के त्रिवर्षिक निर्वाचन 23 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में संपन्न होंगे।जिले के चुनाव संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संविधान के अनुसार प्रत्येक 3 वर्ष में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न की जाती है । इसी कड़ी में विगत दिनों जिले की नगर, विकासखंड एवं तहसील कार्यकारिणी के निर्वाचन संपन्न हुए हैं। अन्य कार्यकारिणी से चुने हुए पदाधिकारी जिला कार्यकारिणी के निर्वाचन में मतदाता के रूप में चिन्हित होंगे।चुनाव प्रक्रिया प्रातः 11 से प्रारंभ होगी।12 बजे तक नामांकन फार्म भरे जाएंगे।12 बजे से1 बजे तक जांच होगी तथा 1. 30 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 2.30 बजे तक अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा ।यदि आवश्यक हुआ तो 3 बजे से 5 बजे तक मतदान संपन्न होगा ।मतगणना मतदान केंद्र पर ही होगी और यह प्रक्रिया पूर्ण होने तक कार्रवाई जारी रहेगी। प्रांत की ओर से राजेंद्र सरबरे पांडुरना निर्वाचन अधिकारी एवं आशीष तिवारी जबलपुर पर्यवेक्षक के रूप में इस कार्य को संपन्न करेंगे।

जिले के चुनाव संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के संविधान के अनुसार प्रत्येक 3 वर्ष में सभी कार्यकारिणी के निर्वाचन संपन्न किए जाते हैं। जिले की कार्यकारिणी में एक अध्यक्ष एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष, छः उपाध्यक्ष, छः सह सचिव आठ कार्यकारिणी सदस्य एवं दो मनोनीत सदस्य चुने जाएंगे। सभी कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होने की अपील की गई।

### कलेक्टर सुश्री जैन ने उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पास का किया वितरण



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सहभागिता के लिए सिवनी जिले के 82 उद्योगपतियों द्वारा अपना पंजीयन कराया गया है। शुक्रवार 21 फरवरी को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने उद्योगपतियों से भेंट कर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पास का वितरण किया तथा सभी को प्रोत्साहित किया।

# दहेज लोभी पति, सास को सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**थाना डूंडासिवनी में मृतिका मीना कटरे के पति प्रवीण कटरे ने मर्ग सूचना दर्ज करवाई की वह कबीर वार्ड डुंडासिवनी में रहता है उसके परीवार में माता- पिता पत्नि रहते है । उसकी शादी ग्राम साल्हे कोसमी बरघाट के रहने वाले डुलीचंद पारधी की लडकी मीना पारधी के साथ वर्ष 2017 में 10 मई को सामाजिक रीति रिवाज से हुआ था।**

विवाह के बाद पिछले साल मीना की डिलेवरी के तत्काल बाद नवजात शिशु फौत हो गया था एवं मीना करीब सात दिन तक अस्पताल मे रही थी मीना को वर्तमान में 6 माह का गर्भ था, दिनांक 29.04.2019 को मीना अपने बुआ के लडक़े हेमंत की शादी में सोने गाँव गयी थी वह 01 मई तक रही 01 मई की शाम को मीना को लेकर अपने घर कबीर वार्ड डुंडासिवनी आया था । मीना की तबीयत खराब हो रही थी। उसके भाई विजय के फोन पर बात कर सिवनी बुलवाया था।

सिवनी में विजय और उसके ससुर दोनो आये थे। और उसकी पत्नि से बात किये तबीयत ज्यादा बिगडने पर उसे इलाज के लिए जठार अस्पताल सिवनी ले गये जिन्होने तबीयत ज्यादा खराब होने बोलकर जिला अस्पताल सिवनी जाने बोल दिया अस्पताल में डॉक्टरो ने मीना को चैक किया तो उसकी मृत्यु होना बताया। मर्ग जाँच के दौरान पुलिस ने पाया कि मीना को उसके पति प्रवीण एवं सास सुशीला के द्वारा दहेज में कार की मांग करते हुऐ मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताडित किया गया था, पुलिस ने पति और सास के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रट प्रथम श्रेणी सिवनी की न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जिसमें शासन की ओर से अजय कुमार सल्लाम सहायक जिला अभियोजन अधिकारी ने गवाहो एवं सबूतो को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया माननीय न्यायालय श्रीमती तनु गुप्ता,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी, के द्वारा गवाहो एवं सबूतो से सहमत होते हुए आरोपीगण (1)प्रवीण पिता लखनलाल कटरे उम्र 28 वर्ष (2)सुशीला पति लखनलाल उम्र 55 वर्ष को धारा 498ए भा.द.वि. मे 2-2 वर्ष का सश्रम कारावास व 5000-5000 रूपये अर्थदंड, धारा 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम मे छः छः माह का साधारण कारावास व 5000-5000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुरई में आयोजित हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 346 जोड़ें परिणय सूत्र में बंधे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत विकासखंड कुरई में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 346जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, जनपद अध्यक्ष श्री लोचन सिंह मर्सकोले एवं जनपद उपाध्यक्ष श्री हरदीपसिंह भाटिया सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन मौजूद थे। अतिथियों द्वारा नवविवाहितों पर चांवल एवं पुष्प की वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं गई। विवाह पश्चात नवदंपतियों में प्रत्येक को 49-49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। सीईओ जनपद कुरई से प्राप्त जानकारी अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 109 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज, 233 आदिवासी रिवाजो से तथा 05 जोड़े ने बौद्ध रीतिरिवाज से विवाह किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए संचालित योजना के तहत आयोजित इस समारोह के दौरान वर-वधू और परिजनों में खुशी की लहर रही। परिवारजनों ने बेटी के विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से पुत्री का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो गया है। इसके लिए सभी परिवारजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।



# सात दिवसीय रा.से.यो. शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।




शासकीय महाविद्यालय लखनादौन सिवनी के सात दिवसीय शिविर का समापन दिनांक 21/02/2025 दिन शुक्रवार को हुआ, कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक निगम जी ने रा.से.यो. की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वयं सेवकों द्वारा किए गए कार्यों (स्वच्छता अभियान, तकनीकी शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, शासकीय योजनाओं की जानकारी) आदि से ग्राम वासियों में निश्चित ही जागरूकता आएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जी.एल. तलवरे एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आर.एस. ठाकुर ने भी स्वयं सेवकों के कार्यों को सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, विद्यालय परिवार एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संयाजन संचालन एवं शिविर प्रतिवेदन वाचन कार्याक्रम प्रभारी प्रो. शशिकेश संकोलिया ने किया। आभार प्रदर्शन महिला इकाई कार्यवाहक कार्यक्रम अधिकारी कु. आकांक्षा दुबे द्वारा किया गया। संपूर्ण सात दिवसीय आवासीय शिविर में महाविद्यालय डॉ. अमित नेवारे एवं कु. अर्चना झारिया ने पूर्णकालिक सेवाये प्रदान की।

## कलेक्टर सुश्री जैन की पहल पर धनौरा एवं घंसौर में आयोजित हुए शिविरों के माध्यम से 800 से अधिक दिव्यांगजन हुए लाभांवित

# विशेष शिविर में सरजू मरावी एवं संजेश का सुविधाजनक रूप से जारी हुआ दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के विशेष निर्देशों पर धनौरा एवं घंसौर में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए आयोजित हुए विकासखंड स्तरीय शिविरों में 800 से अधिक दिव्यांगजन सीधे रूप से लाभान्वित हुए हैं। लगभग 2 वर्ष बाद जिले के सुदूर अंचल धनौरा एवं घंसौर में किये गये विशेष परीक्षण शिविर क्रमशः7 एवं 14 फरवरी को आयोजित किये गये। जिसमें धनोरा के 275 एवं घंसौर के 525 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड सुगम सुविधाजनक रूप से जारी करने की कार्यवाही की गई हैं। इस शिविर में जिला मुख्यालय के दूरस्थ ग्राम आमाखोड के दिव्यांग छात्र सरजू मरावी एवं ग्राम तुमडीपार के संजेश कुमार करयाम भी लाभांवित हुये। जिन्हें सुगम रूप से दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी हुआ। दिव्यांग सरजू के पिता जगराती मरावी बताते हैं कि सिवनी जिला मुख्यालय की अमाखोड की दूरी बहुत अधिक होने से वे अपने बेटे सरजू को जिला मेडिकल बोर्ड सिवनी नहीं ले जा पा रहे थे। वहीं संजेश के पिता सुग्रीव भी आवश्यक दस्तावेजों एवं दूरी के कारण अब तक दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में असमर्थ थे। कलेक्टर सुश्री जैन की संवेदनशीलता के कारण आयोजित विकासखंड स्तरीय शिविर की जानकारी प्राप्त होने पर वे भी अन्य ग्रामवासियों के साथ अपने बच्चों को लेकर पहुंचे। वे बताते हैं कि शिविर में बड़े ही सुविधाजनक रूप से उनके बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाये जाने की अन्य औपचारिकताऐं पूर्ण करने में भी सहायता की गई। कुछ ही समय में आसानी से दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया तथा यूडीआईडी कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई। विशेष शिविर के माध्यम से आसानी से अपने बच्चों के प्रमाण पत्र बन जाने से अभिभावकगण प्रसन्न थे तथा सभी के द्वारा जिला प्रशासन एवं स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### नगर निगम का सपना टूटा

## 38 गांवों को मिलाकर भी जनसंख्या 3 लाख से कम; सिर्फ शामिल 2.51 लाख लोग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगर पालिका को नगर निगम बनाने की संभावना समाप्त हो गई है। नगर निगम बनने के लिए आवश्यक 3 लाख की जनसंख्या का मापदंड पूरा नहीं हो सका है।

प्रशासन ने पहले बालाघाट नगर और 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 28 गांवों को शामिल किया। इससे जनसंख्या सवा दो लाख तक पहुंची। राष्ट्रीय ओबीसी, एससी-एसटी क्रांति मोर्चा की मांग पर दायरा बढ़ाकर 15 किलोमीटर कर दिया गया। इसमें हट्टा और देवरी के गांवों को भी जोड़ा गया।

एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया है कि वर्तमान में बालाघाट नगरपालिका की जनसंख्या 1.12 लाख है। बालाघाट जनपद के 29 गांवों में 1.11 लाख लोग रहते हैं। लालबर्रा जनपद के 9 गांवों में 27,749 लोग हैं। कुल मिलाकर जनसंख्या 2,51,470 है।

प्रशासन अब इन सभी क्षेत्रों को मिलाकर एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। यह प्रस्ताव एक सप्ताह में शासन को भेजा जाएगा। हालांकि, जनसंख्या मापदंड पूरा न होने के कारण नगर निगम बनने की संभावना नहीं है।

### सरपंचों ने जताया था विरोध

बालाघाट और लालबर्रा जनपद की पंचायतों और गांवों को, बालाघाट नगरपालिका को नगर निगम बनाने में शामिल किए जाने का पंचायत सरपंचों ने विरोध दर्ज कराया था। यही नहीं बल्कि सभी पंचायतों में प्रस्ताव भी पारित कर



सरपंच संघ अध्यक्ष वैभव सिंह बिसेन के साथ सरपंचों ने लिखित आपत्ति भी गांवों को शामिल किए जाने के विरोध में प्रशासन को सौंपी थी।

### सभी विभागों में लगेंगी नाम-पदनाम की तख्तियां, फाइलिंग व्यवस्था में होगा सुधार

## कलेक्टर कार्यालय में बदलेगा काम का तरीका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट कलेक्टर कार्यालय में अब काम करने का तरीका बदलने जा रहा है। कलेक्टर मृणाल मीणा ने शुक्रवार शाम को कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी विभागों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर के आदेश के बाद अब हर विभाग के प्रवेश द्वार पर अधिकारी का नाम और पदनाम लिखा होगा। शाखाओं के बाहर शाखा प्रभारी और लिपिक का नाम भी प्रदर्शित किया जाएगा। कर्मचारियों की टेबल पर भी उनका नाम और पदनाम की तख्ती लगेगी।

विभागीय कक्षों में साफ-सफाई की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय और शाखा प्रभारी को दी गई है। कलेक्टर ने फाइलिंग व्यवस्था में सुधार के लिए भी निर्देश दिए हैं। सभी विभागों को 5 दिन के अंदर अनुपयोगी सामग्री की छंटनी करनी होगी। इसके बाद नियमानुसार राइट ऑफ की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने अनुपयोगी कक्षों को तुरंत खाली करने के आदेश भी दिए हैं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर केसी ठाकुर और डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक भी मौजूद थे।

### 4 थानों में छापेमारी; 90 लीटर कच्ची शराब जब्त

## जुआ-सट्टा के 11 आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस ने जिले के चार थानों में शनिवार को शराब तस्करी, जुआ और सट्टे के खिलाफ छापेमारी में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस ने केवाटोला के श्रीचंद्र मर्सकोले (50) को 90 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। रूपझर थाना पुलिस ने तालाब के पास मोमबत्ती की रोशनी में जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें जयप्रकाश नगेन्द्र (37), किशन उईके (47), इनोस हिरवाने (38) और सोहनलाल कुंभलवार (50) शामिल हैं।

वारासिवनी पुलिस ने मटन मार्केट से चार जुआरियों को पकड़ा। इनमें परवेज खान (34), राजकुमार करकाडे (23), संतोष तराते (42) और करण शेखपुरी (29) शामिल हैं। परसवाड़ा पुलिस ने सट्टा लिखते हुए सहदेव सोनवाने को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 2 महीने से पानी की किल्लत झेल रहे हैं जाम के ग्रामीण

### बैलगाड़ी से ला रहे खेत का पानी जनता की समस्या नहीं सुन रहे प्रशासन में बैठे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



हमारे गांव से ही पानी क्षेत्र में जा रहा है पर दुर्भाग्य की बात की हमको ही पानी नहीं मिल रहा है डेढ़ महीने से पानी की समस्या है हमारे द्वारा अपनी समस्या गांव के सरपंच सचिव, जनपद पंचायत लालबर्रा के सीईओ, एवं जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों से भी की पर किसी ने हमारी तकलीफ को नहीं सुना और ना किसी ने शुद्ध पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था बनाई हैं ,अपनी आपबीती सुनाते हुए ग्राम जाम के निवासी जितेंद्र धामढे ने बताई और उन्होंने बताया कि करीब ढाई महीने से पानी की विकराल समस्या है हम लोग बैलगाड़ी से खेतों से पानी लाने को मजबूर है फिर भी हमारी परेशानियों को देखने और सुनने कोई वाला नहीं है ग्राम जाम के वार्ड नंबर 10, 17, और वार्ड नंबर 2 मे पानी की भारी समस्या बताई जा रही है लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि आमजन को हो रही पानी की समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं आने वाले दिनों में गर्मी की शुरुआत होने वाली है ऐसे में अभी से पानी की समस्या कहीं गर्मी में विकराल रूप ना ले ले, संबंधित विभाग को चाहिए कि वह जाम में पानी से वंचित लोगों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाए ताकि सरकार का हर घर नल और जल का सपना साकार हो सके।

## पार्षदों और कर्मचारियों का दल प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना



### बालाघाट नपा दल लगाएगा संगम में डुबकी, गंगाजल लाकर शहर के जलस्रोत में मिलाएंगे

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर के नेतृत्व में पार्षदों और कर्मचारियों का दल प्रयागराज महाकुंभ के लिए रवाना हो गया है। 21 फरवरी की देर रात को दल ने यात्रा शुरू की।

नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के आह्वान पर यह यात्रा की जा रही है। 144 वर्षों के बाद आए इस महापर्व में शामिल होकर पुण्य लाभ का मौका मिला है।

यात्रा दल में सभापति कमलेश पांचे, संगीता खगेश कावरे, योगिता बोपचे, संगीता थापा, उज्जवल आमाडारे, पार्षद मनीष नेमा और प्रवीण मदनकर शामिल हैं।

नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति समीर जायसवाल, वकील वाधवा, सुशील वर्मा, धीरज सुराना, जैनेन्द्र कटरे और संजू वराड़े ने दल को विदाई दी।

### मोबाइल के दुष्परिणाम विषय पर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

**वारासिवनी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलॉजी के समीप आंबेडकर चौक पर पालडोंगरी तिरोडा महाराष्ट्र के एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा 21 फरवरी 2025 शुक्रवार को मोबाइल के दुष्परिणाम विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन सुबह साढ़े 10 बजे किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ खिलेंद्र पाल मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी, रामसिंग पटेल थाना प्रभारी खैरलॉजी, देवी लिल्हारे पत्रकार,विद्यालय संचालक दिलीप असाटी, प्रधानाचार्य जावेद शेख उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया गया। विद्यालय के कक्षा 7, 8 और 9 वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा मोबाइल का हमारे जीवन में क्या दुष्परिणाम हो सकते है? यह बताया गया। मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल करने से आंखों की समस्याएँ, नींद की कमी, गर्दन और पीठ की समस्याएँ, मानसिक समस्याएँ, बच्चों का पढ़ाई से दूर जाना, शारीरिक स्वास्थ्य समस्या, इंटरनेट की लत, कानों पर असर ऐसे कई तरह के नुकसान होते है। विद्यालय संचालक दिलीप असाटी ने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा की और नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जावेद शेख के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया।

### जिले भर में गठित 25 खंडपीठ करेंगी अदालत में प्रकरणों का निराकरण

## 8 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारियाँ जारी

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेष कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 08 मार्च शनिवार को वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला न्यायालय एवं सिविल न्यायालयों को मिलाकर कुल 25 खंडपीठो का गठन किया गया है। जिसमे जिला न्यायालय बालाघाट में 12 खंडपीठ, सिविल न्यायालय बैहर के लिए 03 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय कंटगी के लिए 02 खंडपीठ, सिविल न्यायालय लांजी के लिए 01 खंडपीठ तथा सिविल न्यायालय वारासिवनी के लिए 07 खंडपीठों का गठन किया गया है। इस प्रकार संपूर्ण जिले में कुल 25 खण्डपीठों का गठन किया गया है।नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बीमा कंपनी, बैंक, विद्युत एवं नगरपालिका के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। वहीं लोक अदालत का दूरस्थ क्षेत्रों में वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार वाहन द्वारा एवं ग्रामीण स्तर पर पैरालीगल वालेन्टियर्स के माध्यम से किया जा रहा है।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक/मनी रिकवरी संबंधी मामलें, एम.ए.सी.टी. प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण एवं जल कर/विद्युत चोरी सहित शमनीय प्रकरण और दीवानी इत्यादि विभिन्न प्रकृति के महत्वपूर्ण मामलें रखे गये। इसके अलावा प्रीलिटिगेषन (मुकदमा पूर्व) के अंतर्गत :- पराक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, श्रम विवाद संबंधी मामले तथा विद्युत एवं जल कर/बिल संबंधी (सिर्फ शमनीय प्रकरण), बिल संबंधी प्रकरण, आपराधिक शमनीय प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, दीवानी इत्यादि सभी प्रकार के मामले लोक अदालत में निराकरण के लिए विचारार्थ रखे जायेगें।

### छह दिवसीय हस्तशिल्प कार्यशाला का हुआ समापन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संस्था प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय की आईक्यूएसी समीति के द्वारा छह दिवसीय कौशल विकास हस्तशिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में विभिन्न हस्तशिल्प कलाकृतियों का निर्माण कर उन्हें बाजार में व्यवसाय के रुप में प्रदर्शित कर आर्थिक लाभ कैसे प्राप्त किया जाये संबंधित विषयो पर विस्तृत जानकारी दी जा रहीं है। इसी कड़ी में शनिवार को कार्यशाला के दौरान कार्यकम की संयोजक डॉ.आशा गोहे ने व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत हस्तशिल्प कला को रोजगार की उपयोगिता बताते हुये विचार व्यक्त किये। साथ ही भारतीय संस्कृति से संबंधित विभिन्न कलाकृतियों को रोजगार करने की दृष्टि से किस प्रकार बाजार में प्रदर्शित किया जाये एवं आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाए इस विषय पर विद्यार्थियो को मार्गदर्शन दिया गया।

## प्रेम के संदेश के साथ वारिस वार्षिक उत्सव सफलतापूर्वक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम लिंगा लोहारा पहाडी पर स्थित वारिस आनंद आश्रम में 19 से 22 फरवरी तक चार दिवसीय वार्षिक उत्सक जश्न-ए-वारिस-ए-पाक का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसमें मध्यप्रदेश महाराष्ट्र, छत्तीसगढ, बंगाल, उ.प्र.सहित अनेक राज्यों से वारिस पाक से आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं ने इस उत्सव में भाग लेकर अपनी उपस्थित दर्ज कराई। चार दिनों तक यहां विविध कार्यक्रमों का आयोजन परम्परानुसार किया गया। जिसमें बडी संख्या में वारिस पाक के चाहने वालों ने भाग लिया। आयोजन का मुख्य आकर्षण शमा महफिल, गागर शरीफ आतीशबाजी रही। वहीं चार दिनों तक यहां पर निरंतर लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लिंगा सहित आसपास के ग्रामीण जनों ने यह ग्रहण किया। परम्परानुसार इस आयोजन के अंतर्गत बालाघाट शहर की दो प्रमुख दरगाहों पर चादर पेश की गई।

इस महत्वपूण आयोजन के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर आश्रम के संरक्षक आजाद शाह वारसी ने कहा कि यह लोगों की मोहब्बत व भाईचारे का परिणाम है कि सुदूर अंचल में स्थित वारिस आश्रम में वार्षिक उत्सव में हजारों की संख्या में अपनी उपस्थिति देकर कौमी एकता का परिचय देते है। यहां पर जातिगत मतभेद नहीं है केवल प्रेम का संदेश आम जनता तक पहुंचाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। जबकि आश्रम की संचालक सुश्री अकिला वारसी ने कहा कि आयोजन में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या इस बात का प्रमाण है कि हम वारसी पाक के प्रेम के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिये अपने समस्त समिति के सदर्स्यों के साथ जो प्रयास कर रहे है। उसमें सफल है। इस आयोजन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेकर अपना योगदान देने वाले सभी श्रद्धालु व सदर्स्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए विश्वास करते है कि यह सामंजस्य का वातावरण आगे भी बना रहे ताकि यह आयोजन और भी भव्य तरह से आयोजित किया जाता रहे। वारिस आश्रम में ईमाम बार गाह का प्रतीक भवन की सुन्दरता एवं निर्मित प्रवेश द्वार की सुन्दरता ने सभी को प्रभावित किया।

### त्यौहारों के दौरान पुलिस व्यवस्था बनाए रखने की मॉग

## शांति व्यवस्था की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पुलिस थाना खैरलॉजी में 21 फरवरी की शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रुप से तहसीलदार व थाना प्रभारी रामसिंह पटेल ने ग्रामीण क्षेत्रीयजनों से उनके विचार साझा किया। शांति समिति की बैठक का आयोजन समय-समय पर पुलिस विभाग द्वारा करवाया जाता हैं, लेकिन हर बार बैठक में अलग-अलग विषयों पर बैठक आयोजित होती है।

इसी तारतम्य में शुक्रवार को हुई बैठक में आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि, ईदुल फीतर, होलिका दहन व रंगपचमी तक के आयोजन को प्रमुखता से लेते हुए उपस्थित क्षेत्रीयजनों से सबकी राय और उनसे सुझाव भी लिए गए। सभी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीकों से मनाया जाए, उसके लिए उनके द्वारा क्या प्रयास किए जाए, इस पर भी बारी-बारी से सुझाव लिए गए।

महाशिवरात्रि पर्व पर थाना क्षेत्र में जिन स्थानों पर महादेव विराजित हैं, उन स्थानों पर भीड़ का अनुमान लगाते हुए पुलिस बल लगाने की मांग भी की गई। होलिका दहन पर मुख्यालय सहित जिन ग्रामों में होली दहन का आयोजन होता हैं, वहॉ पानी टैंकर की व्यवस्था करवाने के लिए तहसीलदार ने सरपंचों को आदेश जारी करवाने की बात कही। इसके अलावा उपस्थितजनों ने वैवाहिक कार्यक्रम में अधिक ध्वनि में बजाए जा रहे डी जे साउंड पर रोक लगाने और समय पर डी जे साउंड बंद करवाने की मांग भी रखी।

ज्ञानोदय विद्या मंदिर के संचालक कामता प्रसाद दमाहे ने माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हो रही बोर्ड परीक्षा के दौरान देर रात तक बज रहे डी जे साउंड को बंद करवाने की बात रखी, तो जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुणाराम बघेले ने बताया कि उनके ग्राम झरिया में महाशिवरात्रि पर्व पर बरसों से आयोजित हो रहे महादेव मेले में लगभग 30 से 40 हजार की संख्या में श्रृद्धालुओं के आने की संभावना हैं। जिस कारण महादेव मेले में शांति व्यवस्था बनी रहे, उसके लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाने की मांग रखी। उसी तरह सभी क्षेत्रीयजनों ने अपने-अपने ग्राम में शांति व्यवस्था और अधिक चाक-चौबंद हो, उसके लिए पुलिस पेट्रोलिंग और पुलिस गश्त पर जोर देने की बात कही, जिससे क्षेत्र में चोरी चकारी की वारदात घटित ना हो सके।

शांति समिति की बैठक में प्रमुख रुप से गुणाराम बघेले अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत खैरलांजी, दुर्गा प्रसाद लिल्हारे उपाध्यक्ष जनपदपंचायत, नरेंद्र राहंगडाले सरपंच खरखड़ी, देवी लिल्हारे पत्रकार, वेदप्रकाश कटरे, नकुल दमाहे सरपंच टेमनी, कौशल तुरकर सरपंच चिचोली, जितेंद्र दमाहे उपसरपंच किन्ही, अनिल कातरे, राजकुमार बहेटवार, पलाश बिसेन, लालू सुलकिया, आरक्षक विष्णु कुमार, आरक्षक आकाश अहिरवार अन्य थाना स्टाफ एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

### आदर्श दानपात्र सेवा समिति की पहल

## खेतों में कार्य करने वाली महिलाओं और किशोरियों को निशुल्क सेनेटरी पैड वितरित, स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



22 फरवरी को ग्राम नेवरगांव कला में आदर्श दानपात्र सेवा समिति और जन समुदाय के सहयोग से हमारी किशोरी हमारा आधार कार्यक्रम के तहत कृषि क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं और किशोरियों को निशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इसके साथ ही, उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य और उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि वे शिक्षित और सशक्त बन सकें। यह कार्यक्रम अति संवेदनशील क्षेत्रों, ग्रामीणों एवं शहरी क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि खेतों में काम करने वाली महिलाएं और किशोरियां अक्सर स्वच्छता उत्पादों तक पहुंच से वंचित रह जाती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस पहल के माध्यम से उन्हें न केवल सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए गए, बल्कि उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी शिक्षित किया गया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों का जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। एक स्थानीय महिला ने कहा, यह कार्यक्रम हमारे लिए बहुत उपयोगी है। अब हम सेनेटरी पैड का उपयोग करने और स्वच्छता के महत्व को समझने लगे हैं। समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह कार्यक्रम निरंतर जारी रहेगा और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जन समुदाय से इस तरह की पहलों में सहयोग करने की अपील की, साथ ही समिति सभी सदस्यों एवं दानदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करती हैं।